एक नजर में

सेवा सदन पर प्रभारी मंत्री का स्वागत

सारंगपुर 20 जुलाई, सं. शुक्रवार को एबी रोड स्थित प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल के सेवा सदन कार्यालय पर कैबिनेट मंत्री एवं राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री चेतन कश्यप के आगमन पर राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल के नेतृत्व में साफा बांधकर भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान राज्यमंत्री डॉ टेटवाल की जिले के प्रभारी मंत्री श्री कश्यप से जिले के विकास के कार्यों और समसामयिक मुद्दों पर उनके साथ सार्थक चर्चा हुई. इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता प्रभारी मंत्री की सरलता, सादगी और विचारशील व्यवहार से समस्त कार्यकर्ता प्रभावित व प्रोत्साहित हुए. इस अवसर पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, गुलावता मंडल अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पार्षद सुनील बागवान, भानु लववंशी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष राहुल पुष्पद, संतोष प्रजापति, लखन मंडल, कमल राठौर, योगेश माहेश्वरी, अंकित अवस्थी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

ब्यावरा में बारिश 850 एमएम

ब्यावरा 20 जुलाई, का. जिले में रुक रुककर बारिश का सिलसिला जारी है. कहीं बेहतर और झमाझम बारिश हो रही है तो कहीं पर बारिश की रफ्तार धीमे है. जिले में सर्वाधिक ब्यावरा में दर्ज हुई है. वर्षामापी केन्द्र के अनुसार 19 जुलाई की सुबह 8 बजे तक जीरापुर में 395 एमएम, खिलचीपुर 471.3, राजगढ़ 510.6, ब्यावरा में 848.1 एमएम, नरसिंहगढ़ 536.9, सारंगपुर 230.3 तथा पचोर में 438.3 एमएम बारिश हो चुकी है. जिले की औसत वर्षा आज तक 498.5 एमएम रही है. जबकि गत वर्ष आज दिनांक तक 398.3 एमएम बारिश ही हो सकी है.

शिव महापुराण कथा का समापन

छापीहेड़ा 20 जुलाई, सं. नगर के केशव गार्डन में 13 से 19 जुलाई से चल रही त्रिभुवन नाथ शिव महापुराण कथा का समापन शनिवार को पूर्णाहुति तथा प्रसादी वितरण के साथ हुआ. पंडित आशु नागर के मुखारविंद से शिव महापुराण प्रतिदिन 12 से 3 तक हो रही थी. कथा में शिव पार्वती विवाह, बिल्व पत्र का महत्व, पार्थिव शिवलिंग बनाकर अभिषेक का महत्व, नारद का मान भंग, सती सावित्री का वर्णन, रुद्राक्ष की महिमा आदि का का वर्णन सुनाया गया. कथा के समापन पर हवन पूजन के बाद महा आरती तथा महाप्रसादी का लाभ सैकड़ो भक्तों ने लिया. शनिवार समापन अवसर पर पूर्व विधायक प्रियव्रत सिंह भी उपस्थित रहे.

भैंसों के सौदागर निकले व्यापारी से लूट के आरोपी

पिकअप वाहन के सुराग से पुलिस ने सुलाझाया लूट का प्रकरण, मप्र और राजस्थान के 7 आरोपी हिरासत में लिए

पुलिस ने कालीपीठ में सरेराह हुई लूट का पर्दाफाश किया

राजस्थान के साथियों के साथ मिलकर दिया लूट को अंजाम

पिकअप वाहन से पीछा कर लूट को अंजाम दिया

जानकारी के अनुसार बीते 10-11 जुलाई की दरमियानी रात फरियादी लादूराम पिता बद्रीलाल बागरी उम्र 40 साल निवासी सेथल थाना सेथल जिला दौसा राजस्थान हाल अनाज मण्डी के पास ब्यावरा अपने परिवार के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह भैंसो को बैचने खेड़ी गये थे. वहां भैसे बैंचकर सौराम तंवर निवासी तलाबपुरा के टेम्पो से मैं और मेरी पत्नि बिल्लोबाई, भतीजा विक्रम, साला मांगीलाल, कमलेश आ रहे थे. रात्रि 02 बजे करीब वे नोगांव आश्रम के सामने मेन रोड़ पर पहुंचे कि पीछे से एक पीकप वाहन नें उनके टेम्पो को ओवरटेक किया. जिससे टेम्पो रुक गया. पिकप से तीन - चार व्यक्ति उतरे और मेरी पत्नि बिल्लोबाई व मुझे खीचकर टेम्पो से नीचे पटक दिया और मारपीट कर एक लाख 56 हजार रुपये व मेरा वीवो कम्पनी का मोबाईल, पर्स में जरूरी कागजात जबरजस्ती छुड़ाकर लुटकर ले गये. थाना कालीपीठ में फरियादी लादूराम पिता बद्रीलाल बागरी की रिपोर्ट पर अपराध क्र.153/2025 धारा-309(6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया एवं तत्काल एक टीम का गठन किया गया.

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 20 जुलाई, का. राजस्थान के दौसा निवासी एक मेवशी व्यापारी से लूट के आरोपी खुद भैंसों के सौदागर निकले. दौसा निवासी व्यापारी अपने मवेशी बेचकर पैसा और सामान लेकर लौट रहे थे उसी दौरान स्थानीय कुछ मवेशी का सौदा करने वालों ने राजस्थान के कुछ आरोपियों के साथ मिलकर चलते रास्ते लूट की घटना को अंजाम दिया.

घटना बीते 10-11 जुलाई की दरमियानी रात की है. पुलिस टीम ने ब्यावरा, बीनागंज, झालावाड, मनोहरथना, दांगीपुरा, कामखेड़ा में घूम-फिरकर सीसीटीव्ही कैमरे सर्च कर आरोपियों एवं वारदात मे इस्तेमाल की गयी बोलेरो पिकअप को बरामद किया है. जिला राजगढ़ पुलिस कप्तान अमित तोलानी एवं अति. पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के निर्देशन में व एसडीओपी राजगढ़ अरविंद सिंह राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कालीपीठ उनि. जितेन्द्र अजनारे के नेतृत्व में थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा कालीपीठ में नौगांव के पास कान्हा का पुरा जोड राजस्थान रोड कालीपीठ में हुई लूट का खुलासा कर 7 लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का माल बरामद किया है.

पिकअप वाहन के सुराग से खोज निकाले आरोपी

मामले में पुलिस ने फिर से अपनी विशेषज्ञता दिखाई है. पुलिस ने एक ऐसे वाहन के सुराग से पूरे मामले को सुलझा दिया जिस पर ना नंबर था और ना कोई निशानदेही. वाहन को कई जगह ढूंढा और खोज निकाला. प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा तकनीकी एवं मुखबिर सूचना तंत्र के आधार पर अज्ञात लुटेरों की तलाश प्रारंभ की गई. पुलिस द्वारा राजगढ़, ब्यावरा, बीनागंज, झालावाड़, मनोहर थाना, दांगी पुरा, कामखेड़ा मे करीबन 50 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरें खंगाले गये. टीम द्वारा घटना कारित करने वाली पिकअप वाहन को चिन्हित कर आसपास के क्षेत्र में उक्त पिकअप वाहन की तलाश प्रारम्भ की गयी व आसपास के क्षेत्र के कैमरे चैक किये. इसी तारत्म्य मे मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की उक्त फुटेज मे दिख रही पिकअप गाड़ी जैसी हुबहू गाडी थाना कालीपीठ के ग्राम प्रेमपुरा मे गणपत तंवर के पास है जो भैसों को भरकर राजस्थान तरफ बाजार करने के लिए जाता है. उक्त पिकअप गाड़ी को संदेह के घेरे में लेकर बारीकी से जांच की गई और 19 जुलाई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की प्रकरण के आरोपी प्रेमपुरा ग्रिड के पास खडे है. जिस पर कार्यवाही करते हुए गणपत पिता रतनलाल तंवर उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम प्रेमपुरा, दीपक पिता गोरधन गोस्वामी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बाकपुरा हाल जलालपुरा व रमेश पिता बलराम तंवर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम प्रेमपुरा को अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ की. जिन्होने रामबाबू पिता मदनलाल तंवर उम्र 27 वर्ष निवासी भवानीपुरा, सोनु पिता बीरवान उर्फ वीरभान बंजारा उम्र 22 वर्ष निवासी रामगढ थाना मसुदा जिला अजमेर राजस्थान, टोनिया उर्फ टोनु उर्फ टोनी पिता विजय सिह बंजारा उम्र 20 वर्ष निवासी छापडेल थाना पारोली जिला भीलवाडा व दिलीप पिता प्रेमसिह तंवर उम्र 22 वर्ष निवासी प्रेमपुरा ने घटना कारित करना स्वीकार किया.

स्वच्छता में पिछड़े इसलिए ब्यावरा नपा का सम्मान करेगी कांग्रेस

सर्वेक्षण में जिले में 14वें पायदान पर आई नपा ब्यावरा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 20 जुलाई, का. हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण के नतीजे सामने आए है और जहां अन्य जिलों की निकाएं संभाग और प्रदेश में अव्वल आई है वहीं ब्यावरा शहर जिले में ही अंतिम स्थान पर आया है. यानी जिले में भी इस व्यवसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण केन्द्रीय शहर फिसड्डी साबित हुआ है. अब इसे लेकर कांग्रेस ने अपना मोर्चा खोल दिया है.

कांग्रेस विरोध स्वरूप सीएमओ और नपा कर्मचारियों का सम्मान करेगी. एक प्रेस विज्ञप्तिके माध्यम से महेन्द्र यादव ने कांग्रेस की ओर आरोप लगाते हुए बताया कि ब्यावरा नगरपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते नगर स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले में 14 वें यानी अंतिम पायदान पर आया है. यह नगरपालिका के नेताओं एवं प्रशासकों की नगर के प्रति उदासीनता को दर्शाता है. ब्यावरा शहर को स्वच्छता के मामले में अव्वल बनाया जा सकता है.

इसलिए ब्यावरा कांग्रेस कमेटी के द्वारा नगरपालिका के सीएमओ और कर्मचारियों का सम्मान रूपी विरोध किया जाएगा. कांग्रेस ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से शामिल होने की अपील की है. कार्यक्रम वैष्णोदेवी मंदिर से सुबह 11 बजे जुलूस के रूप में प्रारंभ होगा और मेन मार्केट होते हुए नगर पालिका पहुंचेगा.

महाकाल कावड़ यात्रा उज्जैन के लिए हुई रवाना

कुरावर 20 जुलाई, सं. महाकाल कावड़ यात्रा पीलूखेड़ी पार्वती नदी से करीब 40 कावड़यिा ने अपनी कावड़ में जल भरकर नंगे पैर बोल बम बोल बम के जयकारे लगाते हुए. हाईवे से निकलकर कुरावर मार्केट से होते हुए उज्जैन के लिए रवाना हुए जगह-जगह धर्म प्रेम बांधो द्वारा स्वागत किया गया.

शिक्षक सिर्फ नौकरी से रिटायर होते हैं सेवा से नहीं

नवभारत न्यूज

सुठालिया 20 जुलाई, सं. पीएमश्री शासकीय बालक हाई सेकेंडरी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य रहे अशोक गुप्ता एवं सहायक ग्रेड दो राम चरण वर्मा के सेवानिवृत्त होने के मौके पर शनिवार को पीएम श्री शासकीय विद्यालय में संकुल के शिक्षको द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया. उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता ने सहज सरल स्वभाव से अपने कर्तव्यपथ पर पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से लंबे समय तक सुठालिया में अपनी सेवाएं दी. वे बीते दो साल से पीएम श्री विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे. इस दौरान ब्लाक शिक्षा अधिकारी दिलीप शर्मा, पीएम श्री हायर सेकेंडरी प्रभारी प्राचार्य हेमंत यादव, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य दिनेश धनगर, पेंशनर संघ के अध्यक्ष ओम शर्मा, शिक्षक दिलीप उदावत, चेतन शर्मा, राम प्रसाद शर्मा, संजय भारती, अशोक वर्मा, चंद्रपाल सिंह परमार, आनंद गुप्ता, शिवशंकर बामोरिया, पुरषोत्तम वर्मा, जगदीश सौधिया, भोलाराम वर्मा, रामबाबू मोंगिया, राजेंद्र सिलावट, पत्रकार बी के तिवारी, कामेश नामदेव, ओम कुशवाह सहित संकुल के शिक्षक शिक्षिकाये मौजूद थे. सभी ने श्री गुप्ता एवं श्री वर्मा के कार्यकाल की सराहना की एवं आगामी जीवन के दौरान उनके उज्जवल भविष्य व अच्छे स्वास्थ की कामना की. उनको पुष्पहार व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत कर विदाई दी गई. इस दौरान कार्यक्रम का संचालन अतिथि शिक्षक कमलेश साहू ने किया. आभार स्पोर्ट शिक्षक मुकेश शर्मा ने व्यक्त किया.

ग्वालियर सांसद भरत सिंह कुशवाहा का किया कुरावर में जोरदार स्वागत

कुरावर 20 जुलाई, सं. काला पीपल खोखरा जाते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री भाजपा सरकार और वर्तमान सांसद ग्वालियर के भारत सिंह कुशवाहा का आज कुरावर बस स्टैंड पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और कुशवाहा समाज के परिजनों ने फूलमाला पहनकर आतिशबाजी पटाखे ढोल के साथ स्वागत किया. जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और कुशवाहा समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए.

छात्र परिषद का अलंकरण समारोह सम्पन्न

नवभारत न्यूज

जीरापुर 20 जुलाई, सं. एडवांस्ड किड्स एकेडमी में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह का आयोजन विकासखंड शिक्षाधिकारी रामबाबू पाटीदार की उपस्थिति में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में विद्यालय छात्र परिषद के विभिन्न पदों पर बच्चों का साक्षात्कार के आधार पर मनोनयन किया गया. इसके अंतर्गत हेड बॉय कन्हैयालाल दांगी, हेड गर्ल श्रद्धा बरेठा, डिप्टी हेड बॉय हरिओम दांगी, डिप्टी हेड गर्ल शुभी जैन, खेल कप्तान ज्ञानेंद्र मारू, खेल सहकप्तान माही जायसवाल, अनुशासन सचिव खुशबू जैन व अंजलि दांगी, सांस्कृतिक सचिव नूपुर गुप्ता व मानवी गुप्ता को मनोनीत किया गया. विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सभी बच्चों को चार अलग-अलग दलों में विभाजित किया जाता है, जिसके अनुसार सभी विद्यार्थियों के बीच विद्यालय में वर्षभर विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न होती हैं. इन दलों के कप्तान व सहकप्तान का भी मनोनयन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय निदेशक गिरिराज गुप्ता ने की. प्रधानाचार्य ई के जोशी ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय परिवार सदैव प्रयत्न करता है कि विद्यालय के सभी विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ चहुँमुखी विकास करें. संचालन शिक्षिका बरखा गुप्ता, रूपाली धाकरे ने किया. शैक्षणिक समन्वयक भानु कुमार जैन ने आभार व्यक्त किया. विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षक रूपेश ग्वाल व सन्नी मौर्य ने प्रशिक्षण दिया. स्वस्थ्य जीवन जीने के गुर बताए.

बारिश पर ब्रेक लगा, उमस ने बढ़ाई परेशानी

ब्यावरा 20 जुलाई, का. जिले की औसत बारिश शुरूआत में ही औसत पर पहुंचने वाली है. जून माह से ही बारिश का क्रम शुरू हो चुका था. लेकिन बीते 3 दिनों में बारिश पर ब्रेक लग चुका है. बारिश बंद होने से उमस बढ़ रही है और ये उमस लोगों की परेशानी बढ़ा रही है. हालांकि बोवनी के बाद फसलों के लिहाज से बारिश ठीक रही. लेकिन मौसमी बीमारियों के लिहाज से ये उमस मरीजों की संख्या बढ़ा रहा है.

सिद्ध बीजासन धाम पहाड़ी पर पौधे रोपे

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 20 जुलाई, सं. क्षेत्र की प्रसिद्ध देवी शक्ति पीठ माता बिजासन धाम भैंसवामाता पर स्थित विशाल पहाडी को पर्यावरण में सक्षम करने के लिए प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक गौतम टेटवाल एवं सांसद एवं उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं महायज्ञ समिति के सदस्यों के साथ माता बिजासन की पहाडी पर एक साथ कई पौधों का पौधा रोपण किया. सर्वप्रथम दोनों अतिथियों द्वारा माता बिजासन की पूजा अर्चना कर माता बिजासन के भव्य मंदिर निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया. उसके बाद मंदिर प्रांगण में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन कर वैदिक पाठशाला परिसर के पीछे स्थित भूमि पर एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया. इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, मंडल अध्यक्ष गिरवर भंडारी, भाजपा नेता निर्मल जैन, सुधीर श्रीमाल, निलेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष घनश्याम नागर, कुलदीप नागर सरपंच भैंसवा, भगवान सिंह नागर, भाजपा नेता हेमराज सिंह पटेल, रामचंद्र पटाडीया, रघुराज सिंह राजपूत, डाक्टर नंदलाल नागर, पुरुषोत्तम पाटीदार, मुकेश शर्मा, नरसिंह बंजारा सहित सैकडों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे.

नशे से मुक्ति के लिए हमारा आत्मबल जरूरी

नवभारत न्यूज

कुरावर 20 जुलाई, सं. नगर में शनिवार को सुबह 11 बजे नेशनल हाईवे के सर्विस मार्ग पर पूर्व पार्षद रवि चौहान द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ विधायक मोहन शर्मा के द्वारा किया गया. इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा चलाया जा रहा है नशा मुक्ति जन जागृति अभियान को आगे बढ़ाते हुए कहा कि नशे से मुक्ति प्रशासन नहीं दिला सकता बल्कि नशे से मुक्ति हमारे स्वयं के आत्म बल से मिल सकती है. हम सबको यह प्रयास करना चाहिए कि सर्वप्रथम हम और हमारा परिवार उसके बाद समाज एवं हमारे मिलने जुलने वाले लोग किस प्रकार नशे की बुरी आदत से दूर रहे वह प्रयास हमें निरंतर करते रहना चाहिए. कार्यक्रम को थाना प्रभारी संगीता शर्मा ने संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें नशा माता-पिता की सेवा का समाज की सेवा का गौ सेवा का करना चाहिए. नशे से दूर रहना चाहिए जो हमारे परिवार को नष्ट करता है. कार्यक्रम का संचालन रविंद्र चौहान ने किया. कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तारु राजपूत, ब्रजकिशोर मीणा, मोती सिंह बिलहरी, डॉ नवीन अग्रवाल, माधव सिंह चौहान, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, प्रतिनिधि दिलीप बना, लखन चौहान, मोहन वर्मा, राजकुमार चौकसे भूपेंद्र भदोरिया आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे.

भाकियू महाशक्ति का स्थापना दिवस ब्यावरा में

मधुसूदनगढ़ 20 जुलाई, सं. भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति का स्थापना दिवस कल ब्यावरा में मनाया जाएगा. जिसमें गुना जिले के सभी पदाधिकारी एवं किसान सम्मिलित होंगे. जिला अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान ने बताया कि भाकियू महाशक्ति का राज्य स्तरीय स्थापना दिवस समारोह ब्यावरा जिला राजगढ़ कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित किया गया है. जिसमें मध्य प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारी किसान और मजदूर सम्मिलित होंगे. श्री चौहान ने गुना जिले के सभी पदाधिकारियों, किसान और मजदूर भाईयों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें.

अनदेखी मजाक बना स्वच्छता अभियान, वार्ड नंबर 14 की परिक्रमा में खोली पोल, गंदगी में घिरा छोटा सा कस्बा

छापीहेड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण : कूड़े, गंदगी से घिरी नालियां और खाली प्लॉट

नवभारत न्यूज

छापीहेड़ा 20 जुलाई, सं. प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहा स्वच्छता अभियान मजाक बनकर रह गया. दिखावे के लिए कुछ खास जगह पर सफाई और विकास कार्य करवा कर अपने कर्तव्यों की इति श्री की जा रही है. जबकि नागरिक गंदगी का सामना कर परेशानी उठा रहे हैं. संडावता रोड स्थित स्थानीय कन्या माध्यमिक विद्यालय के सामने नाली चौक होने से परिसर में पानी गंदगी एकत्रित होकर फैल रही है. नगर परिषद के अधिकारी ओर कर्मचारियो से स्कूल प्राचार्य द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया. जिससे स्कूल जाने वाली छोटी-

छोटी बालिकाओ के लिए शाला में जाना दूभर हो रहा है. परिसर में गंदा पानी और गंदगी फैल रही है उसी से छोटी-छोटी बालिका निकलती है कई इसमें गिर चुकी है वही औरो के कपड़े ड्रेस,जूते मोजे खराब हो जाते हैं. नगर परिषद कोई ध्यान नहीं दे रही है. वही पास में ही आधार कार्ड सेंटर भी है. जहाँ आने वाली महिलाओं और पुरुषों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. नगर के वार्ड 14 में पेट्रोल पंप के सामने स्वच्छता अभियान मजाक बना हुआ है नालियां नहीं होने से वार्ड में गंदगी फैल रही है वही खाली पड़े प्लाटों में पानी जमा रहता है जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है इसके बावजूद नगर परिषद द्वारा साफ सफाई कार्य नहीं कराया जा रहा है नागरिक कौन है बताया कि वार्ड में साफ सफाई के लिए नगर परिषद में कई बार लिखित आवेदन मौखिक बताया गया है इसके बावजूद भी नगर परिषद द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है नाली नहीं होने से पानी बह कर सड़क पर आ जाता है इस कारण गंदगी वह मच्छरों की भरमार है नागरिकों का आरोप लगाया कि नगर परिषद मनमर्जी से काम कर रही है नगर में जहां निर्माण कार्य की आवश्यकता होती है वहां निर्माण नाली नहीं बनाई है वही दिखावे के लिए सफाई मुख्य मार्ग पर ही की जाती है. अधिकारियों के आने से पहले सुबह शाम दोनों समय 5 से 10 दिन तक सफाई कराई जाती है टीम जाने के बाद वहां लंबे समय तक सफाई की इतिश्री कर दी जाती है. स्टेट हाईवे पेट्रोल पंप के सामने नागरिको व सफाई कर्मचारीयो द्वारा सफाई कर कचरा सड़क किनारे डाल दिया जाता है उसको भरने कचरा वाहन समय से नहीं आने पर सूअर पशु कचरा को फैला देते हैं,इससे आसपास रहने वाले लोग परेशान होते रहते हैं। ऐसा ही हाल मुस्लिम मोहल्ला वाले खरली नाले मैं भी कचरा दोपहर 12:00 तक पड़े रहता है जिस पर आवारा पशु विचरण करते रहते हैं, ऐसा ही हाल पुरानी नगर परिषद की खाली जगह पर कचरे के ढेर पर आवारा सुअर पशु विचरण करते रहते हैं इससे निकलने वाले राहगीर ओर छात्र छात्राओं को निकलते समय परेशानी का सामना करना पड़ता है.

कन्या माध्यमिक विद्यालय में गंदगी और साफ सफाई की अव्यवस्थाओ को मैं अभी दिखवाती हूं. इसके बाद कार्यवाही की जाएगी.

अंकिता जैन एसडीएम खिलचीपुर

क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़

OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

B.ed आवेदन प्रक्रिया 2025-26

तृतीय चरण कॉलेज कोड - 384

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 15/07/25 से 18/07/25 तक

दस्तावेज का ऑनलाईन सत्यापन 15/07/25 से 19/07/25

सीट आवंटन 23/07/25
हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट कराना 23/07/25 से 25/07/25 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना दिनांक 23/07/25 से 26/07/25

नोट प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कालेज कोड 384 का चयन करे.

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh

26 जून से -26 जुलाई 2025